प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना
प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बना रहा है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है।

———————————————————————

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में जोरदार तरीके से उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप–स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने आतंकवादियों को पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने संबंधी पाकिस्तानी मंत्री के कबूलनामे का भी उल्लेख किया। श्रीमती पटेल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हाल के एक टेलीविजन साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस साक्षात्कार में आतंकी गुटों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने संबंधी पाकिस्तान के इतिहास को लेकर वहां के रक्षा मंत्री के कबूलनामे को पूरी दुनिया ने सुना है। राजदूत पटेल ने भारत के विरुद्ध आधारहीन आरोप लगाने और प्रचार करने में वैश्विक मंच का दुरूपयोग करने के लिए पाकिस्तान की निंदा भी की।

———————————————————————

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अलग–अलग पत्रों में दोनों नेताओं ने आग्रह किया है कि राष्ट्रीय एकता और संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए।

———————————————————————————

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन को लेकर पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव की शानदार कामयावी पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए दस लाख रूपये नकद ईनाम की घोषणा की है। श्री कुमार ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि वैभव की सफलता से पूरा बिहार गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। गौरतलब है कि वैभव ने कल राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए हुए गुजरात टाईटन्स के खिलाफ एक सौ एक रन की विस्फोटक पारी खेलकर टी–ट्वेंटी क्रिकेट में इतिहास बना दिया है। चौदह साल के वैभव आईपीएल क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। साथ ही सबसे तेज शतक बनाने वाले आईपीएल इतिहास के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव की इस सफलता पर उनके पैतृक जिले समस्तीपुर में जश्न का माहौल है। स्थानीय सांसद शांभवी चौधरी, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, उनके कोच ब्रजेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने वैभव और उनके परिवार को बधाई दी है।

———————————————————————————

राजगीर स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय में दो हजार पच्चीस–छब्बीस के सत्र से एथलेटिक्स और क्रिकेट खेल प्रशिक्षण में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। दोनों विषयों में बीस–बीस सीट का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रथम एकेडमिक एवं एक्टिवीटी परिषद की बैठक में आज इस संबंध में निर्णय लिया गया।

———————————————————————————

दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पुनाईचक पार्क स्थित भामाशाह की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।